## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन रैली के समापन समारोह को करेंगे संबोधित, झारखंड के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज हजारीबाग में कार्यक्रम की तैयारी की करेंगे समीक्षा।
- झारखण्ड सरकार खनिजों के खनन पर उपकर वसूलेगी, राज्यपाल ने 'झारखण्ड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक–2024 को दी मंजूरी'।
- राज्य सरकार ने कृषि विभाग और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच डेयरी उद्योग के लिए किया समझौता, दुग्ध उत्पादकों को पाँच रुपए प्रति लिटर प्रोत्साहन राशि का मिलेगा अतिक्ति लाभ।
- केंद्र ने आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर लगाया प्रतिबंध।
- राज्य के कई हिस्सों में आज भी रुक–रुक कर हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और लातेहार में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इसको लेकर आज असम के मुख्यमंत्री और झारखण्ड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा हजारीबाग के दौरे पर आ रहे हैं। वे प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

**********************

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लातेहार के महुवाडांड़ में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद मनोज तिवारी गुमला और लोहरदगा में और रवि किशन मधुपूर और देवघर में परिवर्तन सभा में शामिल होंगे।

**********************

इससे पहले भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार पर महिला सुरक्षा में अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि हेमंत सरकार में महिलाएँ सुरक्षित नहीं हैं, अपराधी खुलकर अपराध कर रहे हैं और आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित नहीं है।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में मिल रही शिकायतों की जांच कराने को कहा है। राज्यपाल की ओर से भेजे गये पत्र में छात्र संगठनों द्वारा परीक्षा के संबंध में दी गयी जानकारी और मिले तथ्यों को संलग्न किया गया है। दूसरी तरफ राज्यपाल ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष से भी सीजीएल परीक्षा के संबंध में तथ्य के साथ स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। इधर छात्रों के आंदोलन के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 21 और 22 सितंबर को आयोजित हुई परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। उत्तर कुंजी पर 30 सितंबर तक आपत्ति मांगी गई है।

**********************

झारखंड सरकार राज्य में खनिजों पर अब उपकर वसूल सकेगी। राज्यपाल ने झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद अब गजट प्रकाशन के साथ ही राज्य में यह कानून लागू हो जायेगा।

**********************

राज्य सरकार ने कृषि विभाग और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एनडीडीबी के बीच डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए समझौता किया है। इसके बाद दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाओं को लागू किया है।

**********************

केंद्र सरकार ने नागरिकों के आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है जो नागरिकों की निजी संवेदनशील पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

**********************

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम वेतन दर में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। नई वेतन दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

बोकारो जिले में इन दिनों स्वच्छता ही सेवा अभियान जोर–शोर से चल रहा है।

**********************

इधर स्वच्छ भारत मिशन के 10वीं वर्षगांठ को लेकर देशभर में चलाए जा रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान चतरा जिले में भी जोर शोर चलाया जा रहा है। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर अयोजित इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में अधिक से अधिक लोगों जागरूक करना है। चतरा जिले में स्वच्छता और हरियाली का महत्व समझाने के लिए मेरा शौचालय मेरा अभिमान, रात्रि चौपाल, मुखिया संवाद, सफाई मित्र और सुरक्षा शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिले के स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी स्वच्छता और पर्यावरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

गिरिडीह जिले के सरिया प्रखण्ड में डायरिया से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है, वहीं चार लोग गम्भीर रूप से बीमार हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जाँच के लिए गांव पहुंची। इस मामले में चिकित्सा प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि, गन्दगी होने के कारण संक्रमण फैला है, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। विभाग ने क्षेत्र में दवा का छिड़काव किया है और ग्रामीणों को जरुरी एहतियात बरतने का निर्देश दिया है।

**********************

राज्य के कई जिलों में रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। आज पलामू, गढ़वा और लातेहार के अलावा गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे लेकर मौसम विभाग ने औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अभी तक वर्षा सामान्य रही है और बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अगले कुछ दिनों में निम्न दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में फिर बन रहा जिसका असर झारखण्ड में दिख सकता है।

****************